















# शिव की नगरी शिव का धाम शिव बनाएंगे सबके काम : सीएम

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 12 अक्टूबर।** आज रविवार को शिव की नगरी श्योपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन सिंह यादव दोपहर करीब ढाई बजे के लगभग हेलीकॉप्टर से आए। हेलीपैड पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ यादव का भाजपा के नेताओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इनके साथ-साथ पूर्व सांसद पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला का भी आत्मीय स्वागत किया गया।

## 532 करोड़ रुपए के लोकार्पण एवं विभिन्न कामों का शिलान्यास किया

हेलीपैड से रेस्ट हाउस पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रोड शो कार्यक्रम शुरू हुआ, रोड शो कार्यक्रम के तहत एक रथ फूलों एवं पुष्पों से सजा रख रखा था फूलों एवं पुष्पों सजे रथ पर सवार होकर नगर के शिवपुरी रोड, जयस्तम ,मेंन बाजार, गणेश बाजार होते हुए पुल दरवाजा बड़ौदा रोड से प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव मेला ग्राउंड सवा स्थल पर पहुंचे। जहां विभिन्न भाजपा के पदाधिकारी द्वारा उनका माला, फूलों पुष्पों श्रीफल एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मंच पर दीप प्रतीजुलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला पूर्व ,वन मंत्री रामनिवास रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज सिंह चौहान, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय ,भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, सीताराम आदिवासी ,तुरशन पाल आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, कैलाश नारायण गुप्ता, महावीर सिसोदिया आदि द्वारा उनका स्वागत किया गया। स्वागत के क्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ यादव को स्थानीय कलाकार हास्य शिल्पी द्वारा निर्मित एक बैलगाड़ी श्रीफल एवं अंग वस्त्र प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कार्यक्रम से पूर्व मंच के सामने विराजमान माता बहनों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, उन्होंने प्रदेश की लाडली बहनों को 29वी लाडली बहन की किस्त जारी करने से पहले ही उनका फूल माला से स्वागत किया कार्यक्रम के इस क्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा अपना पूर्व संसदीय क्षेत्र होने के नाते विभिन्न राजनेताओं द्वारा की गई विभिन्न मांगों की को समय के अभाव को लेकर प्रदेश के मुखिया के समक्ष विभिन्न मांगे रखी प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर द्वारा रखी गई गई स्थानीय मांगों को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने सालपुरा से मातासुला सड़क मार्ग जो मेडिकल कॉलेज को मुख्य धारा से जोड़ेगा उसकी मंजूरी प्रदान की घोषणा की, ढ़ोढर विज्ञान स्कूल, श्योपुर नगर में ट्रांसपोर्ट नगर, ढोढर में सांदीपनि कॉलेज, चंबल सीप नदी एवं अन्य नदियों पर होने वाले विभिन्न घाट जैसे रामेश्वर त्रिवेणी संगम सीप नदी पर जतीघाट, गिरिराज घाट आदि घाटों को पर्यटकों सौन्दर्य की दृष्टि से डेवलपमेंट कर उन्हें विकसित करने की भी घोषणा की।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शिव की नगरी श्योपुर में हुए नगर वासियों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत को तहे दिल से स्वीकार किया और उन्होंने मंच से कहा कि ऐसा लग रहा था, कि जैसे मेरे स्वागत के लिए श्योपुर जिले की जनता तहे दिल से खड़ी हुई है नगर में फूलों की वर्षा इस प्रकार हो रही थी कि जिसनें मुझे और मेरे मन को प्रफुल्लित कर दिया समय के अभाव के चलते उन्होंने अधिक से अधिक घोषणाएं श्योपुर जिले को दी उन्होंने कहा कि श्योपुर जिले को 532 करोड रुपए कें लोकार्पण एवं विभिन्न कामों का सिलान्यास किया, इसी के साथ-साथ उन्होंने कई नवीन कार्यों की भी घोषणा की प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान अपनी जमीन को किसी भी स्थिति में ना बेचें जरूरत पड़ने पर वह अपना अन्य सामान जेवर, घर मकान आदि को विक्रय करें भविष्य में किसानों को अपनी खेती से अधिक लाभ होगा जमीन बिक जाएगी तो आने वाले समय में उन्हें काफी पश्चाताप होगा इसलिए किसान अपनी जमीनों को सुरक्षित रखें उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में 10000 करोड़ की नवीन कार्य योजना प्रारंभ योजना तैयार की जा चुकी है, जिनका शीघ्र आपको लाभ मिलेगा उन्होंने श्योपुर के इस आत्मीय स्वागत में कहा कि पहले श्योपुर को कूनो नेशनल पार्क में नाविया एवं अफ्रीका से चितों की सौगात भी दी जा चुकी है, यह श्योपुर जिला मध्य प्रदेश का विधानसभा का क्रमांक 1 एवं लोकसभा क्रमांक 1 का नम्बर एक है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्योपुर के आम जन को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए उन्होंने 100 विस्तर मेडिकल कॉलेज एवं 90 छात्रों के एडमिशन के साथ ही इस कॉलेज का उद्घाटन किया जिससे आने वाले समय में श्योपुर की जनता को नजदीकी सवाई माधोपुर, कोटा ,बांरा इत्यादि नहीं भागना नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें कहा कि जनता को उपचार की सुविधा यही उपलब्ध हो जाएगी मेडिकल कॉलेज से श्योपुर के आम जन को काफी लाभ होगा प्रदेश के मुखिया डॉक्टर यादव ने यह भी कहा कि मुझे मेरा यह स्वागत श्योपुर का स्वागत याद रहेगा। और मैं आगे भी श्योपुर जिले को विभिन्न सौगातो देता रहूंगा।

पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय द्वारा भी गांधी पार्क पर प्रदेश के मुख्यमंत्री का माला एवं पुष्पों से स्वागत किया गया प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उनका भी आदमी स्वागत स्वीकार किया नगर पालिका पार्षदों एवं अन्यों द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन सिंह यादव का माल एवं पुष्पों से स्वागत किया गया नगर में विभिन्न समाजों द्वारा अपने अपने दुकानों ,घरों से दुकानदारों व माता बहनों द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री को पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।

### प्रदेश के मुख्यमंत्री का जगह-जगह हुआ स्वागत

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन सिंह यादव का आज श्योपुर नगर में जगह विभिन्न समाज द्वारा अपनी अपनी स्टॉल लगाकर माला एवं पुष्पों से स्वागत किया गया माला एवं पुष्पों के स्वागत से श्योपुर नगर मुख्यमंत्री के आत्मा स्वागत के लिए काफी समय से तैयार खड़ा हुआ था जहां भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजराज सिंह चौहान द्वारा आज प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन सिंह यादव का एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर का अपने रिछी हाउस पर आदमी स्वागत किया। उन्होंने अतिथि के स्वागत में मंच पर एक बड़ी माला तथा पुष्पों कमल के फूल से स्वागत किया मुख्यमंत्री द्वारा उनके स्वागत को शहर स्वीकार किया गया इस दौरान उनके समर्थक काफी संख्या में मौजूद थे।

### गणेश मंदिर पर की पूजा अर्चना

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रोड शो के दौरान शहर के धार्मिक आस्थाओं के केन्द्र प्रसिद्ध एवं प्राचीन गणेश जी मंदिर पर पूजा अर्चना की गई, इस अवसर पर मंदिर में पुजारी वेदप्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहें। पूजा अर्चना के उपरांत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का गणेश संस्था से जुडे धनश्याम गोयल एवं अरूण ओसवाल द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही गणेश मंडल टोडी बाजार की ओर से श्योपुर की एतिहासिक काष्ठ कला की बैलगाडी की प्रतिकृति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई।

### माता सुला चंबल कनाल नगर रोड को मंजूरी

**श्योपुर।** सलापुरा से माता सुला चंबल कनाल नहर रोड को मिली मंजूरी की घोषणा, ढोढर में विज्ञान स्कूल की घोषणा, श्योपुर नगर में ट्रांसपोर्ट नगर की घोषणा, श्योपुर के आसपास सीप, चंबल पर विभिन्न घाट आदियों की घोषणा, ढोढर में सांदीपनि स्कूल की घोषणा।

# पुराने विवाद पर गाली-गलौच मारपीट

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 12 अक्टूबर।** थाना चिलवानी मारपीट फरि. संदीप पुत्र सुरेशचंद्र शर्मा उम्र 32 साल नि. चिलवानी ने रिपोर्ट की कि दि. 11.10.25 के 18.30 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर आरोपी विम्मा पुत्र दुर्गासिंह नि. सदर ने फरि को पुरानी रंजिश पर से गन्दी गन्दी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। दि. 11.10.25 के 21.53 बजे अप. क्र. 14/25 धारा 115(2),296.351(3) बीएनएस कामय कर लिया हैं।

**जमीनी विवाद की बात पर तीन ने एक को पीटा :** थाना बडौदा मारपीट फरि. सुरेश पुत्र शंकरलाल बंजारा उम्र 27 साल नि. सिरसौद बडौदा ने रिपोर्ट की कि दि. 11.10.25 के 14.00 बजे स्थान पटवारी बंजारा सिरसौद की बस्ती वाली जमीन पर आरोपीगण 1. विजय बंजारा 2. विष्णु बंजारा 3. अमरजीत बंजारा नि.गण सदर ने फरि व उसके परिजन को जमीनी विवाद की बात पर गन्दी गन्दी गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। दि. 11.10.25 के 19.46 बजे अप. क्र. 272/25 धारा 115 (2), 296,351, 3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### रंजिश की बात पर दो ने एक को पीटा

थाना विजयपुर मारपीट फरि. पुरुषोत्तम पुत्र केदार बाथम उम्र 54 साल नि. बाथम मोहल्ला विजयपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 11.10.25 के 10.30 बजे स्थान स्वरुप जाटव के खेत के पास गोहटा रोड विजयपुर आरोपीगण 1. रवि बाथम पुत्र राजू बाथम 2. अरुण पुत्र राजू बाथम नि.गण सदर ने फरि को पुरानी रंजिश पर से गन्दी गन्दी गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। दि. 11.10.25 के 16.41 बजे अप. क्र. 401/25 धारा 115(2),296,351(3),3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

# दुकान से पटाखे बेच रहा युवक पकड़ा



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 अक्टूबर।** स्टेशन रोड थाना पुलिस ने अवैध रूप से पटाखों की बिक्री कर रहे एक युवक को मुड़ियाखेड़ा गांव से पकड़ा। पुलिस ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि मुड़ियाखेड़ा गांव में अनिल किराना स्टोर से पटाखों का अवैध रूप से विक्रय किया जा रहा है। पुलिस ने अनिल किराना स्टोर पर छापा मारा, जांच के दौरान दुकान से 5 हजार रूपये कीमती पटाखे जब्त किए गए।

पुलिस ने पटाखों को जब्त कर दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध मप्र विस्फोटक अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। कार्रवाई में निरीक्षक कुलदीप सिंह राजपूत, एसआई विवेक तोमर, प्र.आर. रामसेवक, रविन्द्र कुमार, आर. कमलकिशोर, कुलदीप भदौरिया, आर. चालक पवन कुमार, आर. मनीष शर्मा शामिल थे।

## एक नजर में

### करणी सेना की विशाल किसान रैली आज

**सीहोर.** सोमवार को किसानों की बीमा मुआवजा और फसल के उचित दाम को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने करणी परिवार के प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर ट्रैक्टर रैली में शामिल रहेंगे. करणी सेना के ईश्वर सिंह ठाकुर, किसान नेता सोहन वर्माने बताया कि सोमवार को सुबह दस बजे जिले के अमलाहा से ट्रैक्टर-रैली निकाली जाएगी. जो सागर चौपाल, इंदौर नाका होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगी. इस मौके पर बीमा, मुआवजा एवं फसल के उचित मूल्य की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा.

### स्पर्धा में दर्शिता प्रथम व काव्यांश रहे द्वितीय

**सीहोर.** रविवार को पांचवी राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के शुभारंभ हुआ. सुबह के सत्र में कई मुकाबले हुए. जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बालक में दर्शिता अग्रवाल, दूसरा स्थान काव्यांश घुंघराले और तीसरा स्थान परम राठौर ने हासिल किया. इसके अलावा 7 से 8 वर्ष की आयु वर्ग में प्रथम स्थान विवान मांझी, दूसरा स्थान कनिष्क उपाध्याय, तीसरा स्थान जयेंश कुशवाहा-राघव राठौर ने हासिल किया. इसी वर्ग के मुकाबले में प्रथम स्थान विनायक वर्मा, दूसरा स्थान अवयुक्त दुबे, तीसरा स्थान इशन शर्मा, युवांश ठाकुर थे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर बालागुरु व समाजसेवी अखिलेश राय, कथा वाचक पं. राघव मिश्रा, जितेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है. खेलों से मनुष्य शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होता है. खेलों से मनुष्य अपने कई प्रकार के रोगों से मुक्ति पा सकता है. सामाजिक विकास में भी खेल योगदान देते हैं. इससे स्वस्थ शरीर और दिमाग विकसित होता है.

### विधायक ने किया सहकारी समिति का शुभारंभ

**भैरूंदा.** नवीन बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पाड़लिया के नवीन भवन का लोकार्पण एवं शुभारंभ विधायक रमाकांत भार्गव, कार्तिक सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय द्वारा किया गया. इस दौरान अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया. इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह नई शाखा किसानों की आर्थिक प्रगति और सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी. इस शाखा से आसपास गांवों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा. कार्यक्रम में रघुनाथ सिंह भाटी, जनपद अध्यक्ष मंजू अवध पटेल, चंद्रकांत खंडेलवाल, जितेन्द्र गोड़, रामभरोस खेरवा, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, पंकज पटेल, संजय पटेल, कपिल खंडेलवाल दिनेश शर्मा मिश्रीलाल विश्वकर्मा, अरुण यादव सेवा सहकारी समिति राला के द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्था सुचारू की गई. शाखा के शुभारंभ अवसर पर गणमान्य नागरिक व अनेक किसान उपस्थित थे.

### ध्यान से बढ़ेगी सजगता और मन की शांति : एसपी

**सीहोर।** रविवार को एसपी दीपक कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर पुलिस लाइन परिसर में एक दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 65 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों में मानसिक शांति, एकाग्रता, और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना था. हार्टफुलनेस संस्थान से आए प्रशिक्षकों हर्षित पुरोहित, लोकेन्द्र राठौड़, ललित, रत्नेश शैव एवं श्याम यदुवंशी ने ध्यान एवं सहज मार्ग साधना की विधि के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि जब व्यक्ति अपने हृदय की आवाज सुनकर भीतर की प्रेरणा को अपनाता है, तब वह अपने जीवन को नियंत्रित करना सीख जाता है. हृदय और मन के बीच तालमेल स्थापित करने की यह प्रक्रिया हार्टफुलनेस ध्यान कहलाती है. डॉ. शशिन्द्र भनारिया ने संतुलित पोषण एवं खानपान के बारे में जानकारी दी. इस मौके पर रक्षित निरीक्षक उपेन्द्र सिंह यादव, थाना प्रभारी सूबेदार बृजमोहन धाकड़, प्राची राजपूत, अजय, राहुल श्रीवास्तव सहित थाना कोतवाली, मंडी, महिला, अजाक, यातायात एवं पुलिस लाइन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे. शिविर के अंत में सभी पुलिसकर्मियों ने नियमित ध्यान अभ्यास करने का संकल्प लिया.

# कांग्रेस के सच्चे सिपाही केके मिश्रा का देहावसान

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर. 12 अक्टूबर.** कांग्रेस के वरिष्ठ और अत्यंत समर्पित नेता केके मिश्रा का रविवार को 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया. मिश्रा जी का राजनीतिक सफर कांग्रेस के प्रति अटूट निष्ठा का प्रमाण है, वहीं उनका सामाजिक योगदान भी प्रेरणादायी रहा. उन्होंने आजीवन दल बदल की राजनीति से खुद को दूर रखा और अंतिम सांस तक पार्टी, समाज के लिए समर्पित रहे.

वरिष्ठ नेता ओमदीप ने बताया कि केके मिश्रा का शुरुआती जीवन शिक्षक के रूप में बीता पर उनकी आस्था कांग्रेस में बनी रही. नौकरी छोड़कर सक्रिय राजनीति में आ गए. दिग्विजय सिंह की सरकार में सलाहकार समिति में प्रशासन और संगठन के बीच समन्वय का काम किया.

केके मिश्रा का सामाजिक सरोकार कोरोना महामारी के दौरान सामने आया. जब पूरा शहर लॉकडाउन था और जरूरतमंदों के लिए भोजन की व्यवस्था मुश्किल थी. शहर की सामाजिक संस्था उंगली ग्रुप द्वारा संचालित 'उंगली की रसोई' लगातार 61 दिनों तक उन्हीं के घर से संचालित हुई थी. उनके घर बना भोजन जरूरतमंद क्षेत्रों में वितरित किया जाता था.

# किसानों को भावांतर योजना का लाभ दिलाने के निर्देश

**आष्टा.** अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने भावांतर योजना के पंजीयन की कार्रवाई देखी और योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सोयाबीन उत्पादक किसानों का भावांतर योजना में पंजीयन कराना सुनिश्चित कराएं. कोई भी किसान भावांतर योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे. उन्होंने हेल्प डेस्क का अवलोकन किया और तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों की तत्परता से सहायता की जाए.

उन्होंने उस काउंटर का भी निरीक्षण किया जहां से किसानों को प्रवेश पर्चियां प्राप्त होंगी.उन्होंने नीलाम शेड में जाकर कैमरो और सफाई की अन्य व्यवस्थाएं देखी व निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मंडी परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त रखीं जाएं.मंडी की प्रक्रियाओं को अधिक कुशल, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया जाए. इस अवसर पर मंडी सचिव नरेन्द्र मेश्राम आदि उपस्थित थे.

# राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सेवा का अद्भुत कदमताल

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 12 अक्टूबर.** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह पर रविवार को विशाल पथ संचलन निकला. इस पथ संचलन में शामिल 5 हजार से अधिक स्वयं सेवकों ने राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा की अद्भुत कदमताल प्रदर्शित कर शहर का मन मोह लिया.

शताब्दी वर्ष का यह पथ संचलन बाल विहार मैदान से शुरु हुआ. भारत माता की वंदना कर शुरु हुए पथ संचलन का स्वागत करने के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा. हर 50 मीटर की दूरी पर स्वागत मंच लगाए गए थे. जन-प्रतिनिधि, डॉक्टर, अभिभाषक, शिक्षक सहित कई प्रोफेशनल्स भी इसका हिस्सा बने. एक साथ कदमताल करते जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक निकले तो हर कोई इन्हें देखने और स्वागत के लिए आतुर नजर आया. इससे पूर्व बालविहार मैदान पर संघ के पदाधिकारियों द्वारा संबोधित करते हुए उन्हें संघ की गतिविधियों और उद्देश्य से अवगत कराया गया.

बाल बिहार मैदान से पथ संचलन प्रारंभ हुआ जो मनकामेश्वर मंदिर से तहसील चौराहा, तहसील चौराहा से वापस मनकामेश्वर मंदिर, अटल चौक, चरखा लाइन चौराहा से अमर टॉकीज के सामने से पावर हाउस चौराहा, मछली पुल से सीधे पुराना बस स्टैंड, कोतवाली चौराहा से पान चौराहा, गांधी रोड से चकला मोहल्ला, आष्टा रोड, जगदीश मंदिर चौराहा से पोस्ट ऑफिस होते हुए गंगा आश्रम, ट्रामा सेंटर, नदी चौराहा, बंदी मुक्त हनुमान मंदिर के सामने से बाल विहार मैदान पहुंचा. आरएसएस का पथ संचलन जिस सड़क से गुजर रहा था वहां नागरिक रुककर पथ संचलन देख रहे थे. इतना ही नहीं जगह- जगह पुष्प बरसाकर स्वागत किया जा रहा था. जिससे सड़कें फूलों व पंखड़ियों से पट गई थीं.

गौरतलब है कि पथ संचलन की तैयारियां करीब एक सप्ताह पहले से ही की जा रही थीं. इस दौरान पदाधिकारियों ने घर-घर जाकर लोगों को पथ संचलन में शामिल होने के लिए ड्रेस सौंपते हुए आमंत्रित किया था. इससे पहले भी शहर में अलग-अलग क्षेत्र में पथ संचलन निकाला गया. जिला मुख्यालय के अलावा आष्टा तहसील मुख्यालय पर भी संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य और विशाल चल समारोह निकाला गया. जिसमें हजारों स्वंयसेवकों ने शामिल होकर आकर्षक पथ संचलन किया. पथ संचलन शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरा. इसके अलावा दोराहा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी आरएसएस द्वारा पथ संचलन निकाला गया.